# सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

**कार्यपरिषद् की बैठक**

**दिनांक -19.02.2014**
**समय – अपराह्ण 3:00 बजे से**
**स्थान – योग साधना केन्द्र**

**उपस्थिति**

**1-प्रो॰ बिन्दा प्रसाद मिश्र, कुलपति- अध्यक्ष**

2-प्रो॰ हरिशंकर पाण्डेय
3- प्रो॰ आशुतोष मिश्र
4-डा॰ प्रभु सिंह यादव
5- प्रो॰ यदुनाथ प्रसाद दुबे
6-डा॰ हरिप्रसाद अधिकारी
7- डा॰ ललित कुमार चौबे
8-श्रीमती बिमला देवी पोद्दार
9- प्रो॰रामकिशोर त्रिपाठी
10-डा॰ शैलेश कुमार मिश्र
11-वित्ताधिकारी
12-कुलसचिव - सचिव

सर्वप्रथम कुलपति महोदय ने मा॰कुलाधिपति महोदय द्वारा नामित सदस्या श्रीमती बिमला देवी पोद्दार सहित समस्त सदस्यों का अभिनन्दन करते हुए कार्यवाही प्रारम्भ करने की अनुमति प्रदान की।

**कार्यक्रम संख्या-1-** कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 29.12.2013 के कार्यवाही की पुष्टि।

सर्वप्रथम कुलसचिव ने परिषद् को अवगत कराया कि प्रो॰व्यास मिश्र, संकायाध्यक्ष, वेद वेदाङ्ग संकाय, जो कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 29.12.2013 में कार्यपरिषद् के सदस्य के रूप में उपस्थित थे उन्होंने उक्त बैठक के कार्यवृत्त में गलत अंकन के सम्बन्ध में अधोलिखित पत्र प्रेषित किया है-

दिनांक - 29.12.2013

सेवा में,
**कुलसचिव**
सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

**विषय : आपके पत्र संख्या सा. 1944/2014 दिनांक 03.01.2014 जो कार्यपरिषद की बैठक दिनांक 29.12.2013 के कार्यवृत्त अंकन के सम्बन्ध में है में गलत अंकन के सम्बन्ध में ।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय का सन्दर्भ ग्रहण करें । इस सम्बन्ध में निम्नांकित विन्दु सूच्य है -

1. बार-बार परिषद की बैठक में सम्बन्धित अभिलेखों को पूर्व में देने की बात उठाई इसका न तो अंकन है और न ही ऐसा किया जा रहा है ।

2. इस अंकन में कुल 4 कार्यक्रम हैं जिसमें 2 पूर्व कार्यपरिषदों का है और 2 नये विषय । जबकि 4 विषय पूरक कार्यक्रम में एवं 8 अध्यक्ष की अनुमति से हैं । अध्यक्ष की अनुमति से 8 प्रस्ताव दिखायें गये हैं । इनमें से अधिकांश में प्रस्तावक कौन है का उल्लेख नहीं है इसे अंकित किया जाय । बिना प्रस्ताक के प्रस्ताव कैसे आयेगा ।

3. अध्यक्ष की अनुमति से अन्य प्रस्ताव पर विचार के क्रम संख्या 8 पर प्रो. कृष्ण कान्त शर्मा को कार्य परिषद का सदस्य नामित करना अंकित है जो गलत है । प्रशासन मनमाने ढंग से इसे जोड़ लिया है क्योंकि उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 52 (5) के अनुसार इस प्रकार के किसी अध्यादेश को लागू करने की तिथि का कार्यपरिषद ने निश्चय नहीं किया है और न ही कुलाधिपति को प्रेषित है । अतः यह अंकन समाप्त किया जाय ।

भवदीय

**( प्रो.व्यास मिश्र )**
सदस्य कार्यपरिषद बैठक
सं.सं.वि.वि.वाराणसी

उक्त पत्र पर विचार के क्रम में दिनांक 29.12.2013 में उपस्थित कार्यपरिषद् के सदस्यों जो कि इस बैठक में भी उपस्थित थे उन्होने कहा कि प्रो॰मिश्र ने अपने पत्र के माध्यम से जो भी आपत्ति प्रस्तुत किये है, वह प्रासंगिक नही है, क्योंकि परिषद् की उक्त बैठक में जो भी कार्यवाही हुयी थी उसका अंकन किया गया है।

तत्पश्चात् परिषद् ने सर्वसम्मति से परिषद् की बैठक दिनांक 29.12.2013 के कार्यवाही की पुष्टि की।

**कार्यक्रम संख्या-2-** कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 29.12.2013 में लिये गये निर्णयों के क्रियांवयन की सूचना।

कार्यपरिषद् के समक्ष कुलसचिव द्वारा प्रस्तुत कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 29.12.2013 में लिये गये निर्णयों के क्रियांवयन रिर्पोट पर विचार के क्रम में परिषद् ने सर्वसम्मति से निर्देश दिया कि-

(i) **मुख्य भवन की ऐतिहासिक एवं पुरातात्त्विक महत्व को दृष्टि में रखते हुए इसका जीर्णोद्धार सामान्य संस्था से कराने से इसके मूल आकृति एवं ऐतिहासिकता आदि पर प्रभाव पड़ सकता है। इसको दृष्टि में रखते हुए इसका जीर्णोद्धार Indian National Trust for Art & Cultural Heritage(INTACH) जैसी विशेषज्ञ संस्था से ही कराना उचित होगा। अतः शासन से यह अनुरोध किया जाय कि विश्वविद्यालय मुख्य भवन का जीर्णोद्धार Indian National Trust for Art & Cultural Heritage(INTACH) से कराना चाहता है। एतदर्थ विश्वविद्यालय के मुख्य भवन के जीर्णोद्धार INTACH से कराने हेतु कुलसचिव उ॰प्र॰ शासन से विशेष अनुदान प्राप्त करने के लिए अनुरोध करें। इसके साथ ही INTACH से प्राप्त भवन के जीर्णोद्धार हेतु व्यय विवरण को भी शासन को भेजा जाये।**

(ii) **विश्वविद्यालय स्थित पत्थर के ऐतिहासिक स्तम्भ ( स्तूप ) के जीर्णोद्धार हेतु कुलपति, इस क्षेत्र के विद्वान डा॰बी॰आर॰मणि जो अभी सारनाथ में पुरातात्विक उत्खन्नन के कार्य का निर्देशन कर रहे है, उनसे सम्पर्क कर विचार करें।**

(ii) आधुनिक भाषा एवं भाषा विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष को यह निर्देश दिया गया था कि, वह विभाग के अंतर्गत हिन्दी विषय के संविदा पर अध्यापन हेतु चयन समिति से संस्तुत एवं कार्यपरिषद् द्वारा स्वीकृत पैनल में वरियता क्रम में प्रथम नाम श्री सत्यप्रकाश मौर्य जो विभाग में हिन्दी विषय का अध्यापन कार्य दिनांक 14.09.2013 से कर रहा है, उसके भुगतान के प्राप्यक को अग्रसारित करे। उक्त के सम्बन्ध में विभागाध्यक्ष ने लिखा है कि हिन्दी विषय की अध्यापिका के प्रमाणीकरण के आधार पर श्री मौर्य का प्राप्यक नियमानुसार अग्रसारित किया जाता है। उक्त के आधार पर अभी तक श्री मौर्य के मानदेय का भुगतान नही हो सका है।

इस प्रकरण पर विभागाध्यक्ष की सभी बातों से अवगत होते हुए कार्यपरिषद् ने हिन्दी विषय के अध्यापक के प्रमाणीकरण के आधार पर श्री मौर्य के भुगतान पर स्वीकृति प्रदान की और यह निर्देशित किया कि श्री सत्य प्रकाश मौर्य का नाम विभागीय उपस्थिति रजिस्टर एवं समय चक्र में भी अंकित करने का निर्देश विभागाध्यक्ष को दिया जाय। साथ ही प्रो॰ शारदा चतुर्वेदी (विभागाध्यक्ष)को यह भी निर्देशित किया जाय कि वे भविष्य में कार्यपरिषद् के निर्देशों का समुचित पालन करें।

अंत में कार्यपरिषद् ने उपरोक्त निर्देश प्रदान करते हुए अन्य सूचनाओं से अवगत हुई एवं कृत कार्यवाही पर अपनी स्वीकृति प्रदान की।

**कार्यक्रम संख्या-3-** वित्त समिति की बैठक दिनांक 12.02.2014 की संस्तुतियों पर विचार।

कार्यपरिषद् के समक्ष वित्त समिति की बैठक दिनांक 12.02.2014 की अधोलिखित संस्तुति एवं पुनरीक्षित आय-व्ययक वर्ष 2013-2014 एवं प्रस्तावित आय-व्ययक वर्ष 2014-2015 प्रस्तुत की गयी-

# वित्त समिति की बैठक

*दिनांक : 12.02.2014*
*समय : पूर्वाहण 12.30 बजे*
*स्थान : कुलपति महोदय का कार्यालयीय कक्ष*

## उपस्थिति

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रो• बिन्दा प्रसाद मिश्र, कुलपति | – | अध्यक्ष | |
| 2. | प्रो• यदुनाथ प्रसाद दूबे, प्रति कुलपति | – | सदस्य | |
| 3. | श्री तेज बहादुर सिंह (वित्त एवं लेखाधिकारी)प्रतिनिधि क्षेत्रीय उच्च षिक्षा अधिकारी, वाराणसी। | – | सदस्य | |
| 4. | श्री जे•पी• राय अपर निदेशक, कोड्डागार एवं पेंषन, वाराणसी मण्डल, वाराणसी। | – | सदस्य | |
| 5. | उपकुलसचिव (विकास) काषी हिन्दू विष्वविद्यालय, वाराणसी। | – | सदस्य | (अनुपस्थित) |
| 6. | श्री मुकुन्दी लाल गुप्ता, वित्त अधिकारी | – | सदस्य–सचिव | |
| 7. | श्री राकेश कुमार मालपाणी, कुलसचिव | – | सदस्य | |

## कार्यवृत्त

कुलपति जी द्वारा समिति के सदस्यो का स्वागत किया गया।

**कार्यक्रम संख्या 1** वित्त समिति की विगत बैठक दि• 26.09.2013 के कार्य विवरण की सम्पुष्टि तथा कृत कार्यवाही की सूचना।

**प्रस्तुत प्रस्ताव :** LAN स्थापना हेतु विकास मद से बी0एस0एन0एल0 को रू0 15,58,132/– का भुगतान कर दिया गया है तथा सिस्टम मैनेजर द्वारा LAN स्थापना से सम्बन्धित अग्रेतर कार्यवाही की जा रही है।

चिकित्साधिकारी एलोपैथ तथा चिकित्साधिकारी आयुर्वेद के रिक्त पर पर प्रति रू0 15000/– प्रतिमाह की संविदा पर कार्य लिया जा रहा है।

आयकर अधिकारी द्वारा पारित आदेश दिनांक 28.02.13 के द्वारा रू0 1,96,67,070/– तथा संशोधित आदेश दि0 30.03.13 द्वारा रू0 1,73,38,270/– स्रोत से आयकर कटौती न किये जाने के कारण, आरोपित किया गया है। जिसमें से दो किश्तों में रू0 30,00,000/– तथा रू0 20,00,000/– कुल रू0 50,00,000/– जमा किया जा चुका है इस संदर्भ में विश्वविद्यालय द्वारा कमिश्नर के समक्ष दाखिल अपील में कार्यवाही विचाराधीन है। आयकर अधिकारी द्वारा पुनः टोकन मनी जमा कराने का निर्देश दिया गया है।

मिनी आडिटोरियम निर्माण में एल0सी0डी0 प्रोजेक्टर संबंधी मामले में हुई अनियमितता के सदर्भ में F.I.R. दर्ज कराने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

2009–10 से 2012–13 तक के अवशिष्ट कैश बुक/बैलेन्सशीट को शीघ्र पूर्ण करने का प्रयास किया जा रहा है।

सेवानिवृत्त लेखाधिकारी तथा आन्तरिक लेखा सम्परीक्षक को मानदेय पर नियुक्त कर आडिट आपत्तियों के निस्तारण के क्रम में अवगत कराना है, कि इस कार्य हेतु श्री अशोक कान्ति चक्रवर्ती सेवानिवृत्त वरिष्ठ लेखा परीक्षक उपयुक्त पाये गये हैं। श्री चक्रवर्ती को कार्यादेश दिये जाने की प्रक्रिया लम्बित है। शीघ्र कार्यवाही पूर्ण कर आडिट आपत्तियों के निस्तारण की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी।

वित्त समिति द्वारा पुनरीक्षित मदों की राशि को 2013–14 के पुनरीक्षित आय–व्ययक में शामिल कर लिया गया है।

सामान्य मद में धनराशि शेष न होने के कारण आवश्यक व्ययों की पूर्ति हेतु विकास मद से सामान्य मद में स्थानान्तरित धनराशि रू0 3,10,00,000/– को शासन से अनुदान प्राप्त होने के पश्चात दि0 10.12.2013 को सामान्य मद से विकास मद में स्थानान्तरित कर दिया गया है।

**fu.kZ;** सिस्टम मैनेजर को निर्देश दिया गया कि तत्काल ठण्ण्छण्स्ण् के अधिकारियों से मिलकर स्।छ स्थापना कराने की व्यवस्था सुनिशिचित करें।

आयकर विभाग में धनराशि रू• 1,73,38,270/– के आयकर जमा करने संबंधी प्रकरण का संज्ञान लेते हुए समिति ने संस्तुत किया कि संम्बन्धित समस्त निर्माण एजेन्सी एवं कार्यदायी संस्थाओ को लीगल नोटिस भेज कर उनसे अपील कार्यवाही हेतु वांछित समस्त अभिलेख निर्धारित समयान्तर्गत प्राप्त किया जाय। प्राप्त नही कराने की दशा में एजेन्सियों के विरूद्व नियम संगत कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित करने का प्रस्ताव पारित किया गया।

मिनी आडिटोरियम निर्माण में कार्यदायी संस्था द्वारा की गई धोखाधड़ी के फलस्वरूप कथित वित्तीय अनियमितता के लिये वांछित औपचारिकता शीघ्रातिशीघ पूर्ण कर सम्बन्धित निर्माण एजेन्सी के विरूद्ध F.I.R. दर्ज कराने की संस्तुति की गई।

विश्वविद्यालय में लेखाधिकारी एवं वरिष्ठ लेखा परीक्षक/लेखा परीक्षक के प्रतिनियुक्ति से भरे जाने वाले रिक्त पद पर शीघ्रातिशीघ्र तैनाती हेतु सम्बन्धित विभाग के निदेशक एवं प्रमुख सचिव वित्त उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ से अनुरोध करने की संस्तुति की गई। इसके अतिरिक्त वित्त समिति ने

विश्वविद्यालय के संवर्गीय शिक्षणेत्तर पदो के पुर्नगठन हेतु वांछित प्रस्ताव शासन को स्वीकृति हेतु भेजने का निर्देश दिया।

सेवानिवृत्त लेखाधिकारी/वरिष्ठ लेखा परीक्षक की सेवायें न लेने का निर्णय लिया गया। आडिट आपत्तियों के निस्तारण की कार्यवाही लेखा विभाग में तैनात कर्मियों से ही लिये जाने का निर्देश दिया गया।

**कार्यक्रम संख्या 2** पुनरीक्षित आय–व्ययक वर्ष 2013–14 एवं आय–व्ययक अनुमान वर्ष 2014–15 पर विचार विमर्श।

**प्रस्तुत प्रस्ताव :** वित्तीय वर्ष 2013–14 में रू0 265013000/– की आय का मूल अनुमान किया गया था जिसके सापेक्ष आय रू0 269619000/– पुनरीक्षित किया गया है इसी प्रकार रू0 338591556/– व्यय का मूल अनुमान किया गया था जिसके सापेक्ष व्यय रू0 311288699/– पुनरीक्षित किया गया है। इस प्रकार रू0 41669699/– का घाटा सम्भावित है।

वित्तीय वर्ष 2014–15 में कुल आय रू0 270424000/– का अनुमान किया गया है जिसके सापेक्ष व्यय रू0 37,06,51,434/– का अनुमान किया गया है। इस प्रकार कुल रू0 10,02,27,434/– के घाटे का अनुमान किया गया है। वित्तीय वर्ष 2014–15 के कुल व्यय रू0 37,06,51,434/– में से वेतनादि पर ही रू0 27,86,70,934/– के व्यय का अनुमान किया गया है, जो कुल अनुमानित आय रू0 27,04,24,000/– से अधिक है। घाटे की प्रतिपूर्ति के लिए शासन से अनुदान प्राप्त करने हेतु अनुरोध किये जाने का प्रस्ताव है।

निर्णय विचार विमर्श के अनन्तर उक्त प्रस्ताव पर संस्तुति प्रदान की गई।

**कार्यक्रम संख्या 3** छात्रकल्याण संकायाध्यक्ष के नाम स्वीकृत रक्षित निधि रू0 500/– के स्थान पर रू0 5000/– किये जाने पर विचार विमर्श।

**प्रस्तुत प्रस्तावः** कुलसचिव द्वारा प्रसारित कार्यालय ज्ञाप सं0 सा0 2083/2006 दि0 13.01.06 द्वारा छात्रकल्याण संकायाध्यक्ष के नाम से रू0 500/– वर्ष में तीन बार के लिए रक्षित व्यय स्वीकृत हैं। प्रवेश एवं परीक्षार्थियों से सम्बन्धित कार्य आनलाइन करने के निमित्त सम्बन्धित सामग्री क्रय करने की आवश्यकता के दृष्टिगत छात्रकल्याण संकायाध्यक्ष के नाम स्वीकृत रक्षित निधि रू0 500/– के स्थान पर रू0 5000/– वर्ष में दो बार रक्षित व्यय स्वीकृत किये जाने का प्रस्ताव है। एक मुश्त व्यय की सीमा स्वीकृत राशि का 20% होगा।

निर्णय प्रस्तुत प्रस्ताव पर संस्तुति प्रदान की गई।

**कार्यक्रम संख्या 4** श्री राकेश कुमार मालपाणी, कुलसचिव से शताब्दी भवन स्थित अतिथि भवन के एक कक्ष के सामान्य शुल्क रू0 400/– प्रतिदिन के स्थान पर रू0 100/– प्रतिदिन किराया लिये जाने के अनुमोदन पर विचार विमर्श।

**प्रस्तुत प्रस्ताव :** वर्तमान में कुलसचिव आवास मरम्मत योग्य होने के कारण उसमें
आवासित न हो पाने की स्थिति में शताब्दी भवन स्थित अतिथि भवन के एक कक्ष के सामान्य शुल्क रू0 400/– प्रतिदिन के स्थान पर रू0 100/– प्रतिदिन किराया लिये जाने पर उक्त के अनुमोदन का प्रस्ताव।

निर्णय प्रस्तुत प्रस्ताव पर संस्तुति प्रदान की गई।

**कार्यक्रम संख्या 5** बारहवें पंचवर्षीय योजान्तर्गत यू•जी•सी• से आवण्टित अनुदान के अन्तर्गत पंचवर्षीय योजना के लिये निर्धारित प्राथमिकता पर विचार।

**प्रस्तुत प्रस्ताव :** 12वीं पंचवर्षीय योजना (2012–17) के अन्तर्गत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से आवंटित धनराशि के संदर्भ में मदवार आवंटन का प्रस्ताव निम्नवत् है –

## BUILDINGS

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Renovation of Building | 1 crore |
| 2 | i. Construction of New Building | 3 crore |
| | ii Campus Development | 25 Lakh |
| | **Total** | **4.25 Crores** |
| 3 | Staff | |
| 4 | i. Books and Journals | 50 Lakh (for departments) |
| | ii. Equipment | 30 Lakh (for departements) |
| | **Total** | **80 Lakh** |
| 5 | Laboratory Equipment & Infrastructure | 58 Lakh |
| 6 | Annual Maintenance | 15 Lakh |
| 7 | Cultural Activities | 5 Lakh |
| 8 | Development of ICT | 100 Lakh |
| 9 | Health Care | 10 Lakh |
| 10 | Student Amenities (including hostel) | 45 Lakh |

| | | |
|---|---|---|
| 11 | Travel Grant | 5 Lakh |
| 12 | Conference, Seminar/Workshops etc. | 15 Lakh |
| 13 | Publication Grant | 5 Lakh |
| 14 | Appointment of Visiting Professors/Fellows | 5 Lakh |
| 15 | Career & Counseling Cell | 5 Lakh |
| 16 | Guest/Part Time Teachers | 40 Lakh |
| 17 | Library (Books and Journals) | 40 Lakh |
| | | **428.00 Lakh** |
| | **Total** | **8.53 Crores** |
| | | |

निर्णय — प्रस्तुत प्रस्ताव पर संस्तुति प्रदान की गई।

**कार्यक्रम संख्या 6** — अध्यक्ष महोदय की अनुमति से किसी अन्य आवश्यक विषय पर विचार।

**प्रस्तुत प्रस्ताव :(क)** — प्रो• वी• कुटुम्ब शास्त्री, पूर्व कुलपति को वित्त समिति की बैठक दिनांक 5.10.10 के कार्यक्रम संख्या 7 के प्रस्ताव के अनुसार अवकाश वेतन एवं पेंशनरी अंशदान रू• 523494/– का भुगतान किया गया था। आडिट द्वारा प्रो• शास्त्री को प्रतिनियुक्ति पर तैनात करने और तदनुसार प्रतिनियुक्ति की किसी शर्तो यथा – अवकाश वेतन, पेंशनरी अंशदान तथा प्रतिनियुक्ति भत्ता आदि के भुगतान का उल्लेख नही होने के कारण किये गये भुगतान रू• 523494/– पर आपत्ति की गई है। अतएवं उक्त भुगतानित राशि के वसूली के प्रस्ताव पर विचार विमर्श।

निर्णय — वित्त समिति ने प्रकरण का संज्ञान लेते हुए प्रो• कुटुम्ब शास्त्री से रू• 523494/– को वसूली योग्य पाया। संस्तुति की गयी की छठवें वेतन के एरियर से वसूली कर ली जाय। यदि सम्पूर्ण धनराशि उससे वसूल नही होती है तो प्रो• शास्त्री को शेष राशि जमा करने हेतु सूचित किया जाय। साथ ही इस प्रकरण की जानकारी माननीय कुलाधिपति महोदय को भी दी जाय। प्रो• शास्त्री के अतिरिक्त जिन अध्यापको/अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध अधिक/अनियमित वेतन भुगतान सम्बन्धि आडिट आपत्ति लम्बित है तो उनसे भी वेतन का एरियर अथवा मासिक वेतन आदि से धनराशि वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जाय।

निर्णय — प्रस्ताव पर संस्तुति प्रदान की गई।

**प्रस्तुत प्रस्ताव :(ख)** — विश्वविद्यालय की आय वृद्धि के दृष्टिगत शताब्दी भवन किराये में वृद्धि के सम्बन्ध में चर्चा हुई और यह महसूस किया गया कि शताब्दी भवन में रंगरोगन एवं साज–सज्जा कराने तथा बाह्य आधारभूत सुविधाए यथा सफाई, किचेन निर्बाध विद्युत व्यवस्था आदि मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के पश्चात शताब्दी भवन किराये का पुनर्निधारण करना उचित होगा।

निर्णय — प्रस्ताव पर संस्तुति प्रदान की गई।

**प्रस्तुत प्रस्ताव :(ग)** — वित्त अधिकारी एवं कुलसचिव के विभागीय कार्यो/शासकीय कार्यो हेतु वाहन क्रय करने का प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया जाय। कार्यहित में आवश्कतानुसार बाजार दर पर किराये के वाहन की व्यवस्था करने का प्रस्ताव है।

निर्णय — प्रस्ताव पर संस्तुति प्रदान की गई।
कुलपति जी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

(मुकुन्दी लाल गुप्ता)
वित्त अधिकारी/सदस्य सचिव
वित्त समिति

वित्त समिति की उपर्युक्त संस्तुति पर विचार-विमर्श के अनन्तर कार्यपरिषद् ने सर्वसम्मति से निर्देश दिया कि-

1- श्री राकेश कुमार मालपाणी, कुलसचिव को शताब्दी भवन स्थिति अतिथि भवन में रहने की अवधि में वित्तीय नियम के अनुसार आवासभत्ता आदि प्रदान किया जाय।

2- 12वीं पंचवर्षीय योजनान्तर्गत यू॰जी॰सी॰ से आवण्टित अनुदान के अंतर्गत पंचवर्षीय योजना के लिए भवन (Buldings) के आवंण्टित धनराशि को अधोलिखित रूप में परिवर्तित कर दिया जाय़।

1- Renovation og Building - 3 Crore
2- (i) Construction of New Building -1 Crore
(ii) Campus Development -25 Lakh
Total 4.25 Crores

**Renovation of Building हेतु आवंटित धनराशि से ऐतिहासिक मुख्यभवन के छत का मरम्मत कराया जाय। साथ ही यह मरम्मत कार्य INTACH से कराया जाय।**

3- प्रो॰वी॰कुटुम्ब शास्त्री, पूर्व कुलपति से रू॰ 523494/- की छठवें वेतन के एरियर से वसूली कर ली जाय। यदि सम्पूर्ण धनराशि उससे वसूल नही होती है तो प्रो॰शास्त्री को शेष राशि जमा करने हेतु सूचित किया जाय और इसकी सूचना गुजरात के मा॰राज्यपाल (कुलाधिपति, सोमनाथ संस्कृत विश्वविद्यालय) को भी सूचित कर दिया जाय।

4- जिन अध्यापकों/अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध अधिक अनियमित वेतन भुगतान सम्बन्धी आडिट आपत्ति लम्बित है उनसे भी वेतन का एरियर एथवा मासिक वेतन आदि से धनराशि वसूली करने से पहले एक बार सम्बन्धितों को सूचित किया जाय। तत्पश्चात् कटौती की कार्यवाही की जाय। साथ ही परिषद् ने यह भी निर्देश दिया कि आडिट आपत्तियों का निस्तारण शीघ्रताशीघ्र की जाय।

**उपर्युक्त निर्देश प्रदान करते हुए कार्यपरिषद् ने सर्वसम्मति से वित्त समिति की संस्तुति दिनांक 12.02.2014 पर स्वीकृति प्रदान करते हुए पुनरीक्षित आय-व्ययक वर्ष 2013-2014 एवं प्रस्तावित आय-व्ययक वर्ष 2014-15 पर अपनी स्वीकृति प्रदान की।**

वित्त समिति की संस्तुति पर विचार के क्रम में परिषद् के सदस्य प्रो॰रामकिशोर त्रिपाठी के प्रस्ताव एवं प्रो॰ आशुतोष मिश्र के अनुमोदन पर कार्यपरिषद् ने सर्वसम्मत्ति से अधिनियम की धारा 26(1)(घ) के अंतर्गत **प्रो॰ माता बदल शुक्ल, पूर्व संकायाध्यक्ष, वाणिज्य एवं प्रबन्ध शास्त्र संकाय, महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी** को वित्त समिति का सदस्य निर्वाचित किया।

**कार्यक्रम संख्या-4-** विद्या परिषद् की बैठक दिनांक 16.02.2014 की संस्तुतियों पर विचार।

**स्थगित**

**कार्यक्रम संख्या-5-** शासनादेश संख्या-1366/सत्तर-1-2013-16(114)/2010टी॰सी॰, दिनांक 26 दिसम्बर, 2013 द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग 2010 (मुख्य विनियम) के अनुलग्नक की धारा-6.1.0 एवं 6.0.2 में संशोधन किये जाने के सम्बन्ध में परिनियम संशोधन पर विचार।

परिषद् के समक्ष कुलसचिव ने अधोलिखित शासनादेश संख्या-1366/सत्तर-1-2013-16(114)/2010 टी॰सी॰, दिनांक 26 दिसम्बर 2013 प्रस्तुत किया-

संख्याः 1366 / सत्तर—1—2013—16(114) / 2010टी0सी0

प्रेषक,

निधि केसरवानी,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

कुलपति,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

उच्च शिक्षा अनुभाग—1 लखनऊ : दिनांक : 26 दिसम्बर, 2013

विषयः—विश्वविद्यालय अनुदान आयोग 2010 (मुख्य विनियम) के अनुलग्नक की धारा—6.1.0 एवं 6.0.2 में संशोधन किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में अध्यापकों एवं अन्य अकादमिक स्टाफ की नियुक्ति हेतु न्यूनतम योग्यता एवं उच्च शिक्षा के मानकों के अनुरक्षण के उपाय) (द्वितीय संशोधन) विनियम 2013 (छायाप्रति संलग्न) की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करते हुये मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की अधिसूचना दिनांक 13 जून, 2013 में उल्लिखित धारा 6.1.0 एवं 6.0.2 में प्रस्तावित संशोधन के उक्त प्राविधानों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार 15 दिन के भीतर विश्वविद्यालय की परिनियमावली में सुसंगत स्थान पर प्रतिस्थापित करने की कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

संलग्नक—यथोक्त।

भवदीया,

( निधि केसरवानी )
विशेष सचिव।

रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99

REGD. NO. D. L.-33004/99

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 199] नई दिल्ली, बुधवार, जुलाई 24, 2013/श्रावण 2, 1935
No. 199] NEW DELHI, WEDNESDAY, JULY 24, 2013/SHRAVANA 2, 1935

## विश्वविद्यालय अनुदान आयोग

### अधिसूचना

नई दिल्ली, 13 जून, 2013

**विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में अध्यापकों एवं अन्य एकादमिक स्टाफ की नियुक्ति हेतु न्यूनतम योग्यता एवं उच्च शिक्षा के मानकों के अनुरक्षण के उपाय) (द्वितीय संशोधन), विनियम, 2013**

**सं. सं. 1–2/2009 (EC/PS) V(i) Vol–II.**—विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 (3:1956) के अनुच्छेद 26 के उप अनुच्छेद (1) की धारा (ई) एवं (जी) में प्रदत्त अधिकारों के अनुपालन में एतद्द्वारा निम्न संशोधित विनियमों का सृजन करता है, नामत :

1. लघु शीर्षक, अनुप्रयोग एवं प्रवर्तन

1.1 ये विनियम, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में अध्यापकों एवं अन्य अकादमिक स्टाफ की नियुक्ति हेतु न्यूनतम योग्यता एवं उच्च शिक्षा में मानकों के अनुरक्षण के उपाय) (द्वितीय संशोधन), विनियम, 2013 कहलायेंगे ।

1.2 सरकारी राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से ही इन्हें तुरंत प्रभावी माना जायेगा।

2. यूजीसी विनियम, (विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में अध्यापकों एवं अन्य एकादमिक स्टाफ की नियुक्ति हेतु न्यूनतम योग्यता एवं उच्च शिक्षा के मानकों के अनुरक्षण के उपाय), 2010 (जिसके पश्चात् इन्हें मुख्य विनियम कहा जायेगा) के अनुलग्नक की धारा 6.1.0 संशोधित की जाएगी तथा इसका प्रतिस्थापन निम्न धारा द्वारा किया जाएगा।

6.1.0 इस समग्र कार्यविधि में ऐसी पारदर्शी, उद्देश्यपरक एवं विश्वसनीय प्रणाली समाविष्ट होगी जो आवेदकों की योग्यता एवं प्रत्यायकों के विश्लेषण पर आधारित होगी तथा उनके द्वारा विभिन्न सापेक्ष दिशाओं में किए गए निष्पादन के अभिलेख एक प्राप्तांक प्रणाली वाले प्रारूप में दर्ज रहेगा जो उन अकादमिक निष्पादन सूचकों (API) पर आधारित होगा जैसा कि उन विनियमों के परिशिष्ट III की तालिका I से IX के अंतर्गत दर्शाया गया है।





बशर्ते, API प्राप्तांकों को केवल टनुवीक्षण के उद्देश्य से उपयोग किया जाएगा । CAS प्रत्याशियों के विशिष्ट आकलन में प्रयुक्त नहीं किया जाएगा।

बशर्ते श्रेणी III की प्रत्येक उप श्रेणी के API के प्राप्तांकों (शोध एवं प्रकाशन एवं अकादमिक योगदान) का प्रत्यक्ष भर्ती/ CAS हेतु समग्र API प्राप्तांकों का उच्चतम स्वरूप निम्नवत होगा:

| | उप–श्रेणी | API की प्रतिशतता के रूप में उच्चतमांक अनुप्रयोग में समग्र अंक |
|---|---|---|
| III (ए) | शोध प्रपत्र (पत्रिकाएं इत्यादि) | 30% |
| III (बी) | शोध प्रकाशन (पुस्तकें इत्यादि) | 25% |
| III (सी) | शोध परियोजनाएँ | 20% |
| III (डी) | शोध मार्गदर्शन | 10% |
| III (ई) | प्रशिक्षण पाठ्यक्रम एवं सम्मेलन/संगोष्ठी इत्यादि | 15% |

इस प्रणाली को अधिक विश्वसनीय बनाने के लिए विश्वविद्यालय, किसी संगोष्ठी या अध्ययन कक्ष में दिए गए व्याख्यान या विचार–विमर्श के अध्ययन से एवं/या ऐसी शोध प्रवृत्ति संबंधी योग्यता द्वारा जिससे साक्षात्कार के समय अध्यापन एवं शोध संबंधी अद्यतन प्रौद्योगिकी के उपयोग की क्षमता का आकलन किया जा सकेगा। इन विनियमों के अंतर्गत जहाँ कहीं भी चयन समितियों को निर्दिष्ट किया गया है, उनमें प्रत्यक्ष भर्ती/एवं CAS एवं पदोन्नतियों के लिए इन पद्धतियों का अनुसरण किया जा सकता है।"

मुख्य विनियमों की धारा 6.0.2 को संशोधित माना जाएगा तथा उसे निम्न धारा द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा:–

ये विनियम, 6.0.2 विश्वविद्यालयों द्वारा चयन समितियों एवं चयन प्रविधियों के लिए अपने संबद्ध सांविधिक निकायों के माध्यम से अपनाये जाएंगे, जिसमें अकादमिक निष्पादन सूचक (API) आधारित निष्पादन आधारित आत्म मूल्यांकन प्रणाली (PBAS) को संस्थागत स्तर पर विश्वविद्यालयी विभागों एवं उनके संघटक महाविद्यालय /संबद्ध महाविद्यालयों (सरकारी/सरकारी सहायता प्राप्त/स्वायत्त/निजी महाविद्यालयों) में निगमित किये जाएंगे, जिससे सभी चयन पद्धतियों में इनका अनुपालन पारदर्शी रूप से किया जा सकेगा। प्रत्यक्ष भर्ती एवं करियर एडवान्समेंट स्कीम CAS हेतु अकादमिक निष्पादन सूचक आधारित एवं निष्पादन आधारित आत्ममूल्यांकन प्रणाली के लिए टेम्पलेट प्रोफॉर्मा अनुलग्नक–III में संलग्न किया गया है। विश्वविद्यालय, अपने अध्यापकों के लिए या इस टेम्पलेट प्रोफॉर्मा को स्वीकार करेगा या अपना आत्म आंकलन सह–निष्पादन

मूल्यांकन फार्म तैयार करेगा। इसको अपनाते हुए विश्वविद्यालय किसी भी श्रेणी अथवा अनुलग्नक–III में दर्शाये गए अकादमिक निष्पादन सूचक प्राप्तांकों में कोई परिवर्तन नहीं करेंगे। भर्ती के किसी भी स्तर पर प्रत्याशियों की नुवीक्षण के लिए यदि विश्वविद्यालय चाहें तो न्यूनतम अपेक्षित प्राप्तांकों में परिवर्धन कर सकते हैं या उपयुक्त अतिरिक्त मानदण्डों का सृजन कर सकते हैं।

4. इन मुख्य विनियमों की धारा 7.3.0 को संशोधित माना जाएगा तथा उन्हें निम्न धारा द्वारा प्रतिस्थापित माना जाएगा।

7.3.0 कुलपति :

I. सर्वोच्च दक्षता, सत्यनिष्ठा, नैतिकता एवं संस्थागत प्रतिबद्धता के सर्वोच्च व्यक्तियों को ही कुलपति के रूप में नियुक्त किया जाएगा। कुलपति पद पर नियुक्त किये जाने वाले व्यक्ति विख्यात शिक्षाविद, होने चाहिएं, जिनके पास किसी भी विश्वविद्यालयी प्रणाली में प्रोफेसर के रूप में न्यूनतम 10 वर्ष का अनुभव हो अथवा किसी भी प्रतिष्ठित शोध एवं/अथवा अकादमिक प्रशासनिक संगठन में समकक्ष पद पर दस वर्ष का अनुभव हो ।

II. कुलपति का चयन 3–5 प्रख्यात सदस्यों की नामसूची द्वारा किया जाएगा, जिसे एक सर्च–समिति द्वारा एक सार्वजनिक सूचना या नामांकन या एक टेलेंट सर्च प्रक्रिया या इन दोनों विधियों की प्रक्रिया के जरिये चिह्नित किया जाएगा। उपरोक्त सर्च समिति के सदस्य, उच्च शिक्षा क्षेत्र के अत्यंत प्रतिष्ठित व्यक्ति होंगे तथा वे किसी भी रूप में संबद्ध विश्वविद्यालय से या उसके महाविद्यालयों से संबद्ध नहीं होंगे। सर्च समिति द्वारा अकादमिक उत्कृष्टता को उचित महत्व देते हुए देश–विदेशों में उच्च शिक्षा संबंधी अध्यापन कार्य की योग्यता तथा अकादमिक या प्रशासनिक शासन में पर्याप्त अनुभव को उचित महत्व दिया जाएगा तथा इसे लिखित रूप में पैनल सदस्यों की सूची के साथ विजिटर/ कुलाधिपति को प्रस्तुत किया जाएगा। उस सर्च समिति का गठन, संबद्ध विश्वविद्यालय के अधिनियम/सांविधियों के अनुसार किया जाएगा।

III. विजिटर/कुलाधिपति, सर्च समिति द्वारा अनुशंसित नाम सूची में से कुलपति को नियुक्त करेंगे।

IV. कुलपति की सेवा शर्तें, संबद्ध विश्वविद्यालय के अधिनियम/सांविधियों में निर्धारित होंगी तथा मुख्य विनियमों के समानुरूप होंगी।

V. कुलपति के रूप में कार्यकाल की अवधि को भी चयनित पदस्थ व्यक्ति द्वारा प्रदान की गई सेवाओं सहित परिगणित किया जाएगा ताकि वह सेवा संबंधी सभी लाभ प्राप्त करने का अधिकारी हो।



5. मुख्य विनियम के परिशिष्ट–III की तालिका I [I, II एवं III ] संशोधित मानी जाएंगी तथा उन्हें तालिका I [I, II एवं III ] द्वारा प्रतिस्थापित माना जाएगा, जो इन संशोधित विनियमों के साथ संलग्न है।

**अखिलेश गुप्ता, सचिव, यूजीसी**

[विज्ञापन III/4/असा./113/13]

**संशोधित परिशिष्ट– III तालिका–I**

भर्ती एवं करियर एडवांसमेंट स्कीम (CAS) में अकादमिक निष्पादन सूचन (APIs) हेतु प्रस्तावित प्राप्तांक विश्वविद्यालयी/महाविद्यालयी अध्यापकों की पदोन्नतियाँ

श्रेणी 1, अध्यापन, अध्ययन एवं मूल्यांकन संबंधी क्रियाकलाप

संक्षिप्त व्याख्या: अध्यापकों द्वारा आत्ममूल्यांकन पर आधारित API प्राप्तांकों को इन लक्ष्यों हेतु प्रस्तावित किया जाता है (क) अध्यापन संबंधी क्रियाकलाप (ख) विषयों का ज्ञान (ग) परीक्षा एवं मूल्यांकन में भागीदारी (घ) नवोन्मेषी अध्यापन एवं नवीन पाठ्यक्रम इत्यादि में योगदान। इस श्रेणी में अध्यापकों के लिए आवश्यक न्यूनतम API प्राप्तांक 75 हैं। आत्म–मूल्यांकन प्राप्तांक यथासंभव लक्ष्यपरक सत्यापन योग्य मानदण्डों पर आधारित होना चाहिए तथा इन्हें अनुवीक्षण/चयन समिति द्वारा अंतिम रूप दिया जाएगा।
विश्वविद्यालयों के लिए अनिवार्य है कि वे ऐसे क्रियाकलापों का विवरण उपलब्ध करायें तथा संस्थागत अनिवार्यताओं द्वारा आवश्यक समझा जाने पर अधिमानताओं को समायोजित करें इसके बिना उस श्रेणी के अन्तर्गत प्राप्तांकों की न्यूनतम संख्या में कोई परिवर्तन नहीं किया जाए।

| क्र.सं. | क्रियाकलाप की प्रकृति | अधिकतम अंक |
|---|---|---|
| 1. | व्याख्यान, संगोष्ठियों अनुशिक्षण, प्रायोगिक कक्षाएं, संपर्क घंटे, आवंटित व्याख्यानों की प्रतिशतता के रूप में दर्शाये गए | 50 |
| 2. | यूजीसी नियमों के अतिरिक्त व्याख्यान या अन्य अध्यापन ड्यूटी | 10 |
| 3. | पाठ्यचर्या के अनुसार ज्ञानोपार्जन एवं ज्ञान–अनुदेशों की तैयारी, छात्रों को अतिरिक्त स्रोत सामग्री उपलब्ध कराकर पाठ्य विवरण को समृद्ध बनाना | 20 |
| 4. | सहभागिता एवं नवोन्मेषी अध्यापन एवं अध्ययन प्रविधियां, विषयवस्तु को अद्यतन करना एवं पाठ्यक्रम सुधार आदि | 20 |

| | | |
|---|---|---|
| 5. | परीक्षा ड्यूटी (निरीक्षण, प्रश्नपत्र तैयार करना, उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन /आकलन आवंटित संख्या के अनुसार) | 25 |
| | कुल प्राप्तांक | 125 |
| | न्यूनतम वांछित API प्राप्तांक | 75 |

णी क: किसी भी विशिष्ट श्रेणी के अध्यापक के लिए व्याख्यान एवं अनुशिक्षण कक्षाओं का आवंटन, यूजीसी नियमों के अंतर्गत है। विश्वविद्यालय, न्यूनतम कट ऑफ (कुल नियत अवकाश) यथा उपरोक्त 1 एवं 5 के लिए 80 %, इन उप श्रेणियों को इनसे कम प्राप्तांक न प्रदान किए. जाएं।

णी 2: API प्राप्तांकों को प्राप्त करने की प्रविधि एवं PBAS की श्रेणी 1 के विभिन्न मानदंडों के अंतर्गत इन प्राप्तांकों को प्रदान करने की प्रविधि के लिए आदर्श तरीका।

1. जहाँ भी घंटों की संख्या को आकलन की इकाई माना जाता है, वहाँ अध्यापक के लिए अनिवार्य है कि उस गतिविधि के लिए समय–सारणी के अनुसार आवंटित किये गए घंटों की कुल संख्या तथा पिछले अकादमिक वर्ष में व्यय किये गए घंटों की संख्या की परिगणना करें। वह संस्थान, सरकारी समय–सारणी एवं छात्रों की उपस्थिति के रिकार्ड से इनका सत्यापन कर सकता है।

2. आवंटित घण्टों की संख्या की गणना करते समय केवल कार्यदिवस/सप्ताह को विचार में रखा जाएगा, उदारणार्थ यदि किसी अध्यापक को किसी संस्थान में कक्षा में अध्यापन के लिए प्रति सप्ताह 20 घण्टे दिये गए हैं तथा जो संस्थान प्रति सत्र 16 सप्ताह तक अध्यापन कार्य करता है, उस स्थिति में वह अध्यापक 320 घण्टे (यदि दूसरे सत्र में उसका अध्यापन भार उतना ही है तो इसमें अतिरिक्त 320 घण्टों का समायोजन करेगा) क्रम 1A (i) में दर्ज करेगा। जैसा कि यह यूजीसी नियम से 2 घण्टे अधिक है तो वह अध्यापक क्रम 1A (ii) में 2X16 घण्टों का हकदार होगा। ही ध्यान में रखा जाएगा तथा जो अध्यापक प्रति सत्र 16 सप्ताह तक अध्यापन कार्य करता है, वह अध्यापक 320 घण्टे (यदि दूसरी सत्र उसका अध्यापन भार उतना ही है तो इसमें अतिरिक्त 320 घण्टों का समायोजन करेगा) क्रम 1 A(i) दर्ज करेगा। जैसा कि यह यूजीसी नियम से 2 घंटे अधिक है तो वह अध्यापक क्रम 1 A(i) में 2×16 घंटों का हकदार होगा। (ii) यदि उस सत्र में अध्यापक ने तथ्यात्मक रूप से 275 घंटे का अध्यापन किया है तो वह 1 A के क्रम में 275 घंटे की दावेदारी करेगा। (iii) अतः कुल मिलाकर उसे 320+32+275 = 627 घंटे का श्रेय उस सत्र में मिलेगा। वह अध्यापक दूसरे सत्र में समान परिगणना करेगा तथा उसका समग्र जोड़ प्रत्येक क्रम में दर्ज किया जाएगा।

3. अधिकांश उप–श्रेणियों में किसी भी अध्यापक के कुल प्राप्तांक, उस विषय में





अनुमित सापेक्ष उप–जोड़ के सर्वाधिक प्राप्तोंकों से भी अधिक हो सकते हैं। उस स्थिति में, उस अध्यापक के अंकों को उसके सर्वाधिक प्राप्तोंकों के साथ जोड़ दिया जाएगा। उदाहरणार्थ: 900 उत्तर पुस्तिकाओं पर अंक प्रदान करने वाले अध्यापक को 300 घंटो का श्रेय दिया जा सकता है तथा उसके द्वारा अन्य 40 घंटे तक परीक्षा ड्यूटी भी प्रदान की है। कुल मिलाकर ये 340 घंटे = 34 प्वाइंट बनते है, परंतु उस श्रेणी के अंतर्गत उसे सर्वाधिक 20 प्वाइंट ही प्रदान किये जाएंगे।

